हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 मार्च 2026

06 52 एकड़ फसल जलकर खाक, 4 ग्राम पंचायत के...



07 पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम ग्रुप की कपड़ा...





## खबर संक्षेप

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 16 को होगी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में 16 मार्च को दोपहर 12:30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में सीहोर जिले की अचल संपत्ति के प्रचलित गाइड लाइन वर्ष 2026-27 के पुनरीक्षित बाजार मूल्य प्रस्ताव निर्धारण के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

### लेखन सामग्री क्रय के लिए निविदाएं आमंत्रित

**सीहोर।** सीहोर जिला कार्यालय एवं समस्त जिले के शासकीय कार्यालयों के उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2026-27 हेतु लेखन सामग्री क्रय करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई है। इच्छुक संस्थाएं अपनी निविदाएं 23 मार्च से 10 अप्रैल के मध्य शाम 5.00 बजे तक अधीक्षक कक्ष में रखे बॉक्स में बंद लिफाफे में 25 हजार रुपये के डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ जमा करा सकते हैं। निविदा सबंधी शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। निविदाएं 13 अप्रैल को दोपहर 3 बजे निविदाकार एवं समिति के समक्ष खोली जाएंगी।

### सलकनपुर मेले में व्यवस्थाओं के लिए लगाई गई ड्यूटी

**सीहोर।** चैत्र नवरात्री पर विजयासन देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सलकनपुर आगमन होता है। आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्री पर्व पर सलकनपुर में आयोजित होने वाले मेले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह द्वारा प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बुधनी एसडीएम दिनेश सिंह तोमर को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ और तहसीलदार युग्विजय यादव को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन मिलेगा

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

### जिले में अपर्याप्त बारिश के चलते कलेक्टर ने लिया निर्णय, नियमों के पालन के लिए सख्ती से अमल के निर्देश

# जिला 'जल अभावग्रस्त' घोषितः 31 जुलाई तक निजी नलकूप खनन प्रतिबंधित, आदेश तोड़ने पर होगी जेल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट में सामने आया है कि जिले के सीहोर, इछावर, आष्टा, बुदनी और भैरूंदा सहित सभी प्रमुख ब्लॉकों में भू-गर्भीय संरचना जल संवर्धन के अनुकूल नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिले में गहराते जल संकट और गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन ने पूरे जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 31 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट में सामने आया है कि जिले के सीहोर, इछावर, आष्टा, बुदनी और भैरूंदा सहित सभी प्रमुख ब्लॉकों में भू-गर्भीय संरचना जल संवर्धन के अनुकूल नहीं है। रबी की फसल के दौरान बारिश (मावठ) न होने और खेती के लिए अत्यधिक पानी निकालने के कारण नलकूपों और हैंडपंपों का जल स्तर खतरनाक स्तर तक नीचे चला गया है। गर्मियों में जनता को पीने का पानी मिलता रहे, इसलिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था।

**कलेक्टर ने लगाई यह पाबंदियां :** कलेक्टर द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार जिले के समस्त जल स्त्रोतों बांध, नदी, नहर, झील, जलाशय, नलकूप और कुओं का उपयोग अब केवल पीने और घरेलू कार्यों के लिए ही किया जा सकेगा। बिना अनुमति सिंचाई, औद्योगिक या व्यावसायिक कार्यों के लिए पानी निकालना पूरी तरह वर्जित है। जिले के शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में निजी तौर पर नए नलकूप (बोरिंग) खोदने पर धारा 6(1) के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### बोरिंग मशीनों प्रतिबंधित

कलेक्टर अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जिले की सीमा में कोई भी बोरिंग मशीन संबंधित एसडीएम की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं करेगी। केवल उन मशीनों को छूट होगी जो सार्वजनिक सडक़ों से होकर गुजर रही हैं।

### अधिकारियों को जब्ती के अधिकार

रजस्व और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध रूप से जिले में प्रवेश करने वाली या चोरी-छिपे खनन करने वाली मशीनों को तुरंत जब्त किया जाए और संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

### उल्लंघन करने पर होगी सख्त सजा

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार यदि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना का उल्लंघन करता पाया गया तो मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 09 के तहत उसे 2 वर्ष तक की जेल या 2000 रुपये जुर्माना, अथवा दोनों सजाएं दी जा सकती हैं। यह आदेश सीहोर शहर व ग्रामीण, श्यामपुर, आष्टा, जावर, इछावर, रेहटी, भैरूंदा और बुदनी तहसील के समस्त क्षेत्रों में प्रभावी होगा। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे जल संकट की गंभीरता को समझें और पानी का मितव्ययिता से उपयोग करें।

## दक्ष प्रजापति आर्मी की बैठक संपन्न, समाज की एकता के साथ ही शिक्षा पर दिया जोर





**सीहोर।** नगर में दक्ष प्रजापति आर्मी द्वारा प्रजापति समाज की एक महत्वपूर्ण और बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के उत्थानए संगठन की मजबूती और युवाओं की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्ष प्रजापति आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति उगली रहे। इछावर पहुंचने पर समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोर सिंह प्रजापति ने की।

### शिक्षा और संगठन से ही होगा विकास

समाज को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति के लिए एकता और शिक्षा सबसे मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे समाज के विकास के लिए आगे आएं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। उन्होंने समाज को नई दिशा देने के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भोपाल से भंवरलाल प्रजापति, पूर्व विधानसभा सचिव एसएल प्रजापति, डॉ. गौरीशंकर प्रजापति बुजेश नगर, मोहनलाल प्रजापति बेहरावल, डॉ. कबुलचंद प्रजापति भोपाल, कैलाश नारायण पटेल और पूर्व पार्षद राधेश्याम प्रजापति उपस्थित रहे।

### अध्यक्षों ने साझा किए विचार

बैठक में राजगढ़, शाजापुर और सीहोर जिले की विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें शाजापुर जिला अध्यक्ष राजनीति विभाग ब्रजमोहन प्रजापति, कालापीपल तहसील अध्यक्ष सतीश कुमार प्रजापति एवं लखन प्रजापति व्यवसाय विभाग, आष्टा तहसील अध्यक्ष लखन प्रजापति एवं विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, सीहोर शहरी अध्यक्ष मांगीलाल प्रजापति एवं श्यामपुर अध्यक्ष संतोष प्रजापति, जावर अध्यक्ष मुकेश प्रजापति, राजगढ़ जिला अध्यक्ष कृषि विभाग, केपी प्रजापति ने भी अपने विचार साझा किए। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन में इछावर तहसील अध्यक्ष संतोष प्रजापति और उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति की विशेष भूमिका रही। बैठक के अंत में समाज की उन्नति और एकजुटता का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ नागरिक और युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भूमि विवाद पर युवक पर हमलाः बड़े भाई और भतीजे ने चाकू और गुप्ती से किया घायल, अस्पताल में भर्ती



**सीहोर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र के भाऊंखेड़ी गांव में मकान की जमीन को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर उसके बड़े भाई और भतीजे ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार भाऊंखेड़ी गांव निवासी लखनलाल का अपने छोटे भाई मनोहर वर्मा से मकान की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया।

बताया जा रहा है कि उस समय मनोहर वर्मा अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान लखनलाल और उसका बेटा कृष्णपाल वहां पहुंचे और उन्होंने मनोहर पर चाकू और गुप्ती से हमला कर दिया। हमले में मनोहर गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए।

**दोनों आरोपी गिरफ्तार :** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मनोहर को तुरंत इछावर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने मामले में सोमवार को केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना की जांच भी जारी है।

### अधिकतम तापमान 37 डिग्री दर्जःदोपहर में सड़कें सूनी, गन्ने के रस की दुकानें सजीं

**सीहोर।** जिले में सोमवार को भीषण गर्मी का दौर जारी रहा। बीते 24 घंटे में यहां अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो रविवार के 36 डिग्री सेल्सियस से एक डिग्री अधिक है। मार्च माह के तीसरे सप्ताह की शुरुआत के साथ ही सूरज के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। दोपहर के समय लोगों को तेज गर्मी का एहसास हो रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। तेज धूप के कारण सड़कों पर आवाजाही और यातायात काफी कम देखने को मिल रहा है। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कें लगभग सूनी नजर आती हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए बाजार में गन्ने के रस और ककड़ी की दुकानें सज गई हैं। लोग इन दुकानों पर पहुंचकर भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत महसूस कर रहे हैं।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली और छोटे लोडिंग वाहनों से भरा नजर आया मंडी परिसर

# मंडी में 15 हजार क्विंटल उपज की आवक हुई, 4400 रुपए क्विंटल बिका शरबती गेहूं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आसपास के जिलों की सबसे बड़ी मंडियों में शुमार सीहोर कृषि उपज मंडी इन दिनों गेहूं की दमक से चमक रही है। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की आवक अब अपने पूरे शबाब पर आ चुकी है। सोमवार को मंडी परिसर में चारों ओर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें नजर आईं। दिन भर में लगभग 15 हजार क्विंटल अनाज की आवक दर्ज की गई।

बता दें सप्ताह के पहले दिन सोमवार को किसान अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में मंडी पहुंचे। सुबह से ही मंडी के प्रवेश द्वारों पर वाहनों का तांता लग गया था। गल्ला व्यापारी अनिल पालीवाल ने बताया कि सोमवार को कुल 805 वाहनों के माध्यम से उपज मंडी पहुंची। इसमें करीब 600 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और 200 से अधिक लोडिंग वाहन (जैसे 207 और 407) शामिल थे। मंडी परिसर पूरी तरह वाहनों से खचाखच भरा रहा, जिससे नीलामी प्रक्रिया में भी काफी समय लगा।

**शरबती की चमक और दामों में तेजी :** मालूम हो कि सीहोर का शरबती गेहूं न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश में अपनी गुणवत्ता, मिठास और चमक के लिए प्रसिद्ध है। सोमवार को हुई कुल आवक में सबसे अधिक आकर्षण शरबती गेहूं का रहा। शरबती गेहूं के भाव 3000 से लेकर 44 सौ रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। वहीं सामान्य गेहूं 2300 से 2800 प्रति क्विंटल के भाव पर बिकीं। बता दें शरबती की मांग देश के महानगरों जैसे मुंबईए दिल्ली और पुणे में अधिक होने के कारण किसानों को अच्छे दामों की उम्मीद है। मंडी के वरिष्ठ गल्ला व्यापारी अनिल पालीवाल ने बताया कि नए गेहूं की आवक अब पूरी गति पकड़ चुकी है। उन्होंने कहा सीहोर मंडी अपनी पारदर्शिता और शरबती गेहूं की क्वालिटी के कारण किसानों की पहली पसंद है। वर्तमान में जो आवक शुरू हुई है, वह शुरुआती रुझान है। आने वाले एक-दो सप्ताह में यह आवक दोगुनी होने की संभावना है।

### कुल 15 हजार क्विं. आवक

- गेहूं: 12000 क्विंटल
- सोयाबीन: 2000 क्विंटल
- मक्का व अन्य: 1000 क्विंटल

### फसलों की कटाई हुई तेज

किसानों रामचंदर परमार ने बताया कि इस वर्ष गेहूं की पैदावार अच्छी हुई है। होली के बाद और मौसम में आती गरमाहट के साथ ही फसलों की कटाई तेज हो गई है। आगामी दिनों में मंडी में आवक और बढ़ेगा। बता दें मंडी की इस रौनक से न केवल व्यापारियों के चेहरों पर खुशी है, बल्कि परिवहन व्यवसाय और मंडी से जुड़े मजदूरों को भी रोजगार मिल रहा है। मण्डी प्रबंधन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज की सुरक्षा के लिए तिरपाल साथ लाएं और मंडी के नियमों का पालन करें।

## भावसार समाज आज पारंपरिक रूप से मनाएगा माता हिंगलाज का जन्मोत्सव

### कस्बा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से निकाला जाएगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भावसार समाज के द्वारा मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ पारंपरिक रूप से माता हिंगलाज का जन्म उत्सव मनाएगा। कस्बा क्षेत्र में विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। समाज के उत्कृष्ट विद्यार्थियों और अतिथियों सहित समाज के नवनियुक्त वरिष्ठ पदाधिकारियो का सम्मान किया जाएगा।

भावसार समाज के मीडिया प्रभारी प्रवक्ता आशीष भावसार ने बताएं कि माता हिंगलाज मंदिर में मंगलवार सुबह माता रानी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर को भी भावसार समाज महिला मंडल के द्वारा सजाया जाएगा। समाज जनों के द्वारा दोपहर 3 से शाम 5 बजे के मध्य माता हिंगलाज की विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी। माता हिंगलाज मंदिर से शाम 5 बजे के बाद विशाल चल समारोह कस्बा क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से निकाला जाएगा। चल समारोह प्रमुख से निकलने के बाद भावसार समाज धर्मशाला पहुंचेगा यहां पर चल समारोह का समापन किया जाएगा। वरिष्ठ संरक्षकों और पदाधिकारियो के द्वारा समाज के कक्षा 5, 8, 10, 12 की वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मान किया जाएगा। माता हिंगलाज जन्म उत्सव में सम्मिलित होने वाले मुख्य अतिथियों का सम्मान नवनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा। तपश्चात कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा नव नियुक्त भावसार समाज के पदाधिकारियो का सम्मान भी शाल श्रीफल भेंट कर किया जाएगा।

भावसार समाज के वरिष्ठ संरक्षक मोहनलाल भावसार,ओमप्रकाश भावसार, प्रहलाद भावसार, शिव प्रसाद भावसार, विष्णु भावसार कमल भावसार, राधे श्याम भावसार, सीताराम भावसार, राजेश भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, दीनदयाल भावसार रामेश्वर भावसार लक्ष्मी नारायण भावसार, प्रकाश भावसार और नवनियुक्त समाज अध्यक्ष कमल किशोर भावसार, उपाध्यक्ष केशरीमल भावसार, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र भावसार सचिव नवीन भावसार, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी आशीष भावसार नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंशुल भावसार, प्रमोद भावसार, पंकज भावसार जगदीश भावसार, राकेश भावसार, गिरीश भावसार, संजय भावसार,घनश्याम भावसार, शुभम भावसार, कमलेश भावसार,अंकित भावसार विक्की भावसार सन्नी भावसार रवि भावसार सुभाष,भावसार, जितेंद्र भावसार विक्रम भावसार, भारत भावसार, राहुल भावसार,रोहित भावसार अक्षय भावसार, सुमित भावसार, दीपेश भावसार, हितेश भावसार, अमित भावसार ने कार्यक्रम में पहुंचने की अपील समस्त समाज जनों से की है।

## खबर संक्षेप

### ई-टेंडर कम ऑक्शन की कार्रवाई आज तक होगी संपन्न

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार नवीन आबकारी नीति के अनुसार सीहोर जिले में निष्पादन के लिए शेष रही 19 कंपोजिट मदिरा दुकानों को 07 समूहों में बांटकर चतुर्थ चरण अंतर्गत ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। यह कार्यवाही 16 मार्च से 17 मार्च तक संपन्न होगी। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि निष्पादन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार ऑनलाईन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड करने व ऑफर सबमिट करने की तिथि 16 मार्च प्रातः 10 बजे से 17 मार्च शाम 4 बजे तक है। इसी प्रकार ई-टेंडर की प्रक्रिया 17 मार्च को संपन्न होगी।

### एचपीवी टीकाकरण करने के कलेक्टर ने निर्देश दिए

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में 14-15 वर्ष आयु की बालिकाओं के शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण के लिए निर्देश जारी कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जिले की कोई भी पात्र बालिका एचपीवी टीकाकरण से वंचित न रहे। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा है कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण से होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए यह टीकाकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है और समय पर वैक्सीनेशन से बालिकाओं को भविष्य मे होने वाली गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग रहेगा और सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर टीकाकरण कार्यक्रम का संचालन करेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं की सूची तैयार करने तथा अभिभावकों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग को विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं की जानकारी उपलब्ध कराने और टीकाकरण के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### किसानों ने बिजली लाइनों से स्पार्किंग को संभावित कारण बताया

# 52 एकड़ फसल जलकर खाक, 4 ग्राम पंचायत के टैंकर व फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया

ग्रामीणों और किसानों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही थी।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

तहसील क्षेत्र में इन दिनों किसानों के लिए खेत-खलिहान मानो अग्नि परीक्षा बनते जा रहे हैं। सोमवार दोपहर ग्राम पंचायत नीमोटा में अचानक लगी भीषण आग ने करीब 13 किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग की चपेट में आकर लगभग 52 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। तेज हवा के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और देखते ही देखते खेतों में खड़ी फसल राख में तब्दील हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर के समय खेतों में अचानक आग भड़क उठी। तेज हवा के कारण आग तेजी से आसपास के खेतों में फैलती चली गई। ग्रामीणों और किसानों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए सामूहिक प्रयास शुरू किए।

इसके बाद चार ग्राम पंचायतों के पानी के टैंकर और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग को नहीं रोका जाता तो आसपास के कई अन्य खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे और नुकसान कई गुना अधिक हो सकता था।

ग्राम पंचायत नीमोटा के सरपंच वीरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि गांव के करीब एक दर्जन से अधिक किसानों की 50 से 55



एकड़ के बीच गेहूं की खड़ी फसल आग में पूरी तरह नष्ट हो गई। इनमें कई छोटे किसान भी शामिल हैं, जिनकी आजीविका का मुख्य आधार यही फसल थी। आग लगने का आधिकारिक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन किसानों का कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों में शॉर्ट सर्किट के कारण चिंगारी निकलने से यह आग भड़की हो सकती है। किसानों का आरोप है कि लंबे समय से बिजली लाइनों का मेंटेनेंस नहीं किया गया है और कई जगह तार काफी नीचे झूल रहे हैं।

#### कई बार कर शिकायतें चुके

किसान स्वराज संगठन ने भी इस संबंध में कई बार विद्युत विभाग को शिकायतें दी हैं। संगठन का कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों का लंबे समय से रखरखाव नहीं हुआ है। कई स्थानों पर बिजली के तार जमीन से महज 8 से 10 फीट की ऊंचाई पर लटक रहे हैं, जिससे हवा चलने पर वे आपस में टकराते हैं और स्पार्किंग की स्थिति बनती है।

किसान राजीव किशोर, मौसम तिवारी, गोविंद पटेल, हरिओम पटेल और शुभम तिवारी का कहना है कि वे पूरे साल मेहनत कर फसल तैयार करते हैं, लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही के कारण कुछ ही मिनटों में उनकी मेहनत राख हो जाती है। कई बार शिकायत करने के बाद भी झूलते तारों की मरम्मत नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत छीपानेर, अंबा कदीम और गिल्लौर सहित कई गांवों में खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

इन घटनाओं के पीछे भी किसानों ने बिजली लाइनों से स्पार्किंग को संभावित कारण बताया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार आरती सोलंकी, पटवारी राहुल जैन और अमर सिंह ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया और किसानों की फसल का पंचनामा तैयार किया। नायब तहसीलदार आरती सोलंकी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार करीब 13 किसानों की लगभग 52 एकड़ गेहूं की फसल आग में जलकर नष्ट हुई है। किसानों द्वारा किए गए अनुमान के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पनडुब्बी और 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली पर खनिज विभाग की कार्रवाई

### अवैध रेत खनन व परिवहन करते पकड़े गए वाहन, थाना भैरूंदा की अभिरक्षा में सौंपे





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

तहसील क्षेत्र में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। जिला प्रशासन के निर्देश पर खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को खनिज विभाग की टीम ने भैरुंदा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक पनडुब्बी और पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत का खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा। टीम ने मौके पर ही सभी वाहनों को जब्त कर लिया। कार्रवाई के बाद जब्त किए गए वाहनों को थाना भैरुंदा की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार अवैध खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग व प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध रेत खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## बेटी का असमय जाना हृदय विदारक दुख, इस घड़ी में अरोरा ने साझा की खंडेलवाल की पीड़ा






**सीहोर।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बैतूल पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री स्व. सुरभि खंडेलवाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री अरोरा ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि बेटी का इस प्रकार असमय दुनिया से चले जाना हृदय को भीतर तक व्यथित कर देने वाला है। एक पिता के लिए अपनी संतान को खोना ऐसी पीड़ा है जिसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। उन्होंने हेमंत खंडेलवाल और उनके पूरे परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे और उनका पूरा क्षेत्र परिवार के साथ खड़ा है।

#### ईश्वर से की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना

अरोरा ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि नियति का यह निर्णय असहनीय है।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल खंडेलवाल परिवार को इस असीम दुख और वज्रपात को सहन करने की शक्ति व संबल प्रदान करें। इस दौरान खण्डेवाल निवास पर आयोजित शोक सभा में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और राजनीति से जुड़े लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने नम आंखों से बेटी सुरभि को विदाई दी।

## धूमधाम व उत्साह से मनाया मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव, शोभायात्रा निकाली





**सीहोर।** साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव शहर में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य चल समारोह और शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ शहर के जगदीश मंदिर चौराहे से हुआ। नमक चौराहा, बड़ा बाजार, मेन रोड, कोतवाली चौराहा होते हुए पुनः जगदीश मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न हुई। चल समारोह के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर समाजजनों और नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कथावाचक हर्षित शास्त्री, सीताराम यादव सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, आशीष गहलोत सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चल समारोह में बैंड, ढोल-बाजे, बागी, घोड़े और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने मां कर्मा देवी की प्रतिमा के साथ भक्ति भाव से जयकारे लगाते हुए पूरे मार्ग पर उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मां कर्मा देवी को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप खिचड़ी का वितरण किया गया। सफल आयोजन के लिए जितेंद्र साहू, धनराज साहू, धर्मेश साहू, लक्ष्मी साहू, संदीप साहू ने समाज जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं शहरवासी मौजूद रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## सोना पैलेस डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज़



**भैरूंदा।** नगर में सोना पैलेस क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को नगर के दशहरा मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। स्वर्गीय राजेन्द्र पंवार की स्मृति में आयोजित इस डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट विल्सन बॉल से खेला जा रहा है और इसे लेकर खिलाड़ियों व क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। उद्घाटन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है और क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष महेन्द्र परिहार, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, वार्ड पार्षद अश्फाक खान, एडवोकेट राजेश परासर, अमित मीणा, संजय पटेल (हवेली), राजकुमार पटेल सहित सोना पैलेस कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक मैच 10 ओवर का खेला जाएगा। विजेता टीम को 51 हजार रुपये और उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट के शुभारंभ के साथ ही मैदान पर रोमांचक मुकाबलों का दौर शुरू हो गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में पहुंच रहे हैं।

### बसपा ने कार्यक्रम आयोजित कर काशीराम की जयंती मनाई

# बसपा की सरकार बनेगी तब मध्य प्रदेश से होगा अत्याचार खत्मः रमाकांत पिप्पल






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी डी.एस.फोर के संस्थापक कांशीराम जयंती के मौके पर रविवार को सीहोर के बाल विहार ग्राउंड में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि इंजिनियर रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा मध्य प्रदेश रहे एवं विशेष अतिथि के रुप में माननीय जियालाल अहिरवार प्रदेश प्रभारी बसपा मध्य प्रदेश एवं एड कमलेश कुमार जोन प्रभारी सागर श्री मनोज रजक जौनपुर प्रभारी डॉ राजेंद्र सूर्यवंशी डॉ रावल वर्मा ब्रजेश कनोजी मुन्नालाल तेजी विश्राम सिंह बौद्ध दिलीप प्रसाद धीरेन्द्र निराला बालकृष्ण वाविस्कर विश्राम सिंह बौद्ध मुन्नालाल तेजी दिलीप प्रसाद रामचन्द्र अहिरवार आर एस कमाण्डर बृजेश कन्नौजी इजी शंकर जाटवा अय्यूब अली जिला अध्यक्ष गण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बहुजन नायक कांशीराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमाकांत पिप्पल ने कहा कि मध्य प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी, तभी अत्याचार खत्म होंगे हमें बहन जी के आदेशों का अच्छे से पालन करना है और उन्हें देश का प्रधानमंत्री बनाना है। मान्यवर साहब कांशीराम के दिशा निर्देशों को अपनाकर समाज में चेतना पैदा कर सामाजिक परिवर्तन की गति को तेज करना है। सभा को आगे संबोधित करते हुए विशेष अतिथि जियालाल अहिरवार प्रदेश प्रभारी मैं भी संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन गरीबों की समस्याओं को नजरअंदाज ना करें अगर यही रवैया रहा तो बहुजन समाज पार्टी तानाशाही चलने वाले अधिकारियों को गिरने का काम करेगी। आगे सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट कमलेश कुमार ने कहा कि हम कांशीराम साहब के सिपाही हैं और जो कांशीराम साहब ने फार्मूला दिया है एक नोट एक वोट और अपनी कमाई का पांचवा हिस्सा देकर सामाजिक आंदोलन को सफल बनाना है क्योंकि हमारी लड़ाई कोई पूंजी पति नहीं लड़ेगा। हमें अपनी मेहनत मजदूरी के पैसे से ही इस आंदोलन को आगे बढन्ना है। किसी की काली कमाई से मिशन नहीं चलाना है और ना ही ऐसे लोगों से सहयोग लेना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनोखी लाल मालवीय, लखन लाल मालवीय लखन, डीबी बड़ोदिया, नर्मदा प्रसाद सागर, राजकमल, धर्मेंद्र कचनारिया धनराज सिंह, नर्सिंग भारती यह , वीरू जाटव, राकेश मालवीय, देवकरण कुरील, लक्ष्मी नारायण अहिरवार, लक्ष्मी दोहरे बालकिशन अहिरवार , रघुवीर वर्मा इंजी एसपी चौधरी , सूरजपाल ,गोवर्धन राज ,एड रिंकू अहिरवार, रतनलाल बकोरिया , प्रहलाद राठौर ,दिनेश कोठारे, प्रमोद गाडे , दरियाव मालवीय ,कमल किशोर सोलंकी, मेहताब डाबर धार, कैलाश, मुकेश सिकनिया, राकेश आदि कार्यकर्ता की प्रमुख भूमिका रही। अंत में आभार संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष ने व्यक्त किया।

## बढ़ती हुई महंगाई दर व गैस की कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया



**बुधनी।** रसोई गैस की कालाबाजारी, बढ़ती हुई कीमतों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदर्शन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे उल्लेखनीय है कि खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बीच अचानक गैस की किल्लत होने लगी है हर तरफ कालाबाजारी की जा रही है और आमजन को महंगे दामों पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है वहीं महंगाई दर भी दिन ब दिन बढ़ती जा रही है इसे लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया कार्यकर्ता हाथ में खाली सिलेंडर लेकर गैस की कालाबाजारी और महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोनू राजपूत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गैस आपूर्ति बहाल करी जानी चाहिए जिससे आमजन को परेशानी ना होऔर कालाबजारी पर लगाई जा सके इस अवसर पर मुख्य रूप से किसान कांग्रेस नेता छगन लाल दुबे,पूर्व पार्षद अजय यादव,रामेश्वर प्रसाद,माखन मीणा,इंटक जिला अध्यक्ष आमिर पटेल,किसान कांग्रेस नेता अजय यादव,प्रमोद चौहान, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, कल्पेश चौहान, राजीव दुबे,निखिल दायमा,विशाल यादव आदि अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे अंत में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा वर्मा का असामयिक निधन होने पर 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### कंपनी एक मात्र सहित कुरावर नगर परिषद की दमकल ने समय रहते पाया आग पर काबू

# पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम ग्रुप की कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग

**लाखों के माल का नुकसान, मशीनों के ऑटोमैटिक होने से बची जनहानि**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित ओसवाल डैनिम ग्रुप की कपड़ फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। फैक्ट्री से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने पर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। प्रशासन को सूचना मिलती ही कुरावर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड और फैक्ट्री में खड़ी एकमात्र दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गनीमत से घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

आपको बतादें कि यह ओसवाल ग्रुप की कपड़ा फैक्ट्री है जिसमें विभिन्न किस्मों के पकड़े तैयार होते हैं। जिस प्लांट में यह आग लगी, वहां फैक्ट्री के भीतर आवश्यक आद्रता (ह्यूमिडिटी) को बनाए रखने का काम किया जाता है। यह प्लांट पूरी तरह ऑटोमैटिक सिस्टम पर आधारित है और यहां किसी भी प्रकार का श्रमिक कार्य नहीं करता। इसका मुख्य उद्देश्य धागा बनाने वाली मशीनों के लिए जरूरी आद्रता को नियंत्रित करना होता है, ताकि उत्पादन के दौरान धागा टूटने जैसी समस्या न आए पर किन्हीं भी तकनीकी कारणों से मशीनों ने आग पकड़ और भयावह रूप ले लिया।

#### सजगता से अन्य प्लांट जलने से बचे

उल्लेखनीय है कि इस कपड़ा फैक्ट्री के पास ही अन्य प्लांट भी स्थित हैं। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग दूसरे प्लांटों में भी फैल सकती थी पर समय रहते आग बुझा दी गई और बड़ा हादसा टल गया।

#### प्लांट में नहीं थे कर्मचारी और मजदूर

घटना के बाद कुछ समय के लिए फैक्ट्री क्षेत्र में भय का माहौल निर्मित हो गया पर चूंकि जिस स्थान पर आग लगी वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, इसलिए किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

#### दूसरे प्लांट में मजदूर कर रहे थे काम

ह्यूमिडिटी प्लांट से करीब 25 से 30 मीटर दूरी पर स्थित दूसरे प्लांट में मजदूर धागा बनाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान प्लांट के अंदर तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। आग फैलने से प्लांट के भीतर एफआरपी (फाइबर रिइनफोर्स्ड प्लास्टिक) की दीवारों में आग पकड़ गई,



जिससे काला धुआं फैक्ट्री परिसर के बाहर तक दिखाई देने लगा। फैक्ट्री से धुआं उठता देख पास के प्लांट में काम कर रहे मजदूरों ने तत्काल प्रबंधन को सूचना दी। इसके साथ ही प्रशासन को भी मीडिया द्वारा सूचित किया गया। इसके उपरान्त कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने नरसिंहगढ़ एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश देते हुए आसपास की सभी दमकल मौके पर भिजवाने के निर्देश दिए। समीप सिर्फ कुरावर की दमकल थी एवं फैक्ट्री की एक दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

#### इनका कहना है...

फैक्ट्री के ह्यूमिडिटी प्लांट में तकनीकी कारणों से आग लगी थी। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है क्योंकि प्लांट पूरी तरह ऑटोमैटिक है। प्रशासन और कंपनी की फायर ब्रिगेड ने आग पर समय रहते काबू पा लिया।

**मदन गोपाल चौधरी, यूनिट हेड ओसवाल डेनिम, पीलूखेड़ी जिला राजगढ़**

सूचना मिलते ही नरसिंहगढ़ एसडीएम को निर्देशित करते हुए आसपास की दमकल मौके पर भिजवा दी गईं। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। जनहानि नहीं हुई है।

**डॉ. गिरीश मिश्रा कलेक्टर, राजगढ़**

### राज्य शिक्षक संघ के नेतृत्व में आहूत हुई बैठक

# शिक्षकों ने किया टीईटी का पुरजोर विरोध, बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) के संबंध में गत दिवस जारी किए आदेश का जिले के शिक्षकों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। पिछले दिनों उक्त आदेश पर तीखा आक्रोष जाहिर करते हुए विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था।

इसी क्रम में रविवार दोपहर राज्य शिक्षक संघ की जिला ईकाई द्वारा खिलचीपुर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीईटी का मुद्धा सबसे अहम रहा और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित अन्य महत्वूपर्ण विषय पर संगठना पदाधिकारी एवं सदस्यों ने चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तैयार की। हालांकि, रणनीति क्या रहेगी इस बारे में पदाधिकारियों ने स्पष्टतः नहीं बताया है।

#### शिक्षकों ने व्यक्त किए अपने-अपने विचार

बैठक में शिक्षकगणों ने अपने-अपने विचार भी सभी सांझा किए एवं सभी ने एकजुट होकर अपना दायित्व निवर्हन करने की बात कही। इस अवसर पर संघटना के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश शर्मा जिलाध्यक्ष सुरेश दांगी, जिला संयोजक मुकेश विजयवर्गीय, गोपाल दांगी, महेश बैरागी, नाहिद खान, सत्यनारायण बैरागी, दीपक सेन, कैलाशचंद्र दांगी, हरिनारायण सेन, राकेश यादव, ज्योति बैरागी, वंदना दासोरे, भावना वर्मा, लीलावती, देवनारायण दांगी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जीरापुर**। स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में एनटीएफ के तहत प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें अलग-अलग दिन में विभिन्न आयोजनों का आयोजन हुआ। प्रबंधन ने बताया कि रचनात्मक पोस्टर, आत्मरक्षा चुनौती सप्ताह अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मानसिक शांति के लिए लघु कहानी लेखन, महिला दिवस के विशेष अवसर पर सेल्फडिफेंस केंप एवं ध्यान का विशेष सत्र आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के लिए मनोज कुमार शर्मा, आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक, महाराष्ट्र पर आधारित प्रेरणास्पद फिल्म जिसका विषय बिना तनाव के अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करे का प्रसारण किया गया। सभी कार्यक्रमों में पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ वंदना चुटेल, भुवनेश गुप्ता, कपिल वैष्णव, दिनेश दांगी, डॉ रीना पाटीदार, डॉ महेश नरवरिया, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता मुकेश सेन, डॉ रश्मि सोनी, कनीज अंसारी, डॉ हेमेंद्र सिंह फौजदार, डॉ मनोहर परमार, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता की भूमिका रही।

## एक दिवसीय दौरे पर सारंगपुर पहुंचे पूर्व मंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह लंबे समय के बाद सारंगपुर पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। एक दिवसीय दौरे के तहत जयवर्धन तलेन होते हुए सारंगपुर विस के ग्राम टिकोद, करोंदी, पिपलोदा, मंगलाज, सलसलाई होते हुए सारंगपुर पहुंचे।

बायपास पेट्रोल पंप पर उनका स्वागत किया गया। यह उन्होंने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आपकी मेहनत रंग लगाएगी और हमारी सरकार 2028 में प्रदेश में बनेगी और 2029 में देश में भी कांग्रेस सरकार बनेगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में किसान, गरीब, आमजन सबसे ज्यादा परेशान हैं पर हम इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

#### पूर्व मंत्री ने सरकार को घेरा

पूर्व मंत्री सिंह ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। संकट हमारे दरवाजे पर है। अगर सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो एलपीजी, पेट्रोल और डीजल करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन जाएंगे। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, नंदलाल नागर, मोहम्मद अली, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, बनवारीलाल मालवीय, प्रदीप सादानी, शफीक अंसारी, अभयसिंह सिसोदिया, जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय, जसवंत राजपूत, लखन धनगर, समीर मेव, कैलाश सुरावत, महेश खाती, दिनेश पुरी, बाबू मालवीय, सुनील वर्मा, किशोर मालवीय आदि शामिल थे।

## सारंगपुर एबी रोड पर फूटी पाइप लाइन, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के पुराने एबी रोड स्थित गणेश बिहार कॉलोनी के सामने पेयजल पाइपलाइन फूट जाने से सड़क किनारे घंटों तक पानी बहता रहा। इस लापरवाही के चलते आसपास के रहवासी और दुकानदार परेशान नजर आए। आपको बतादें कि यह कई दिनों से पाइपलाइन से पानी रिसकर सड़क किनारे जमा हो रहा है, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ कीचड़ की स्थिति बन गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन फूटने की सूचना कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक मरम्मत के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पानी लगातार बहने से सड़क किनारे गड्ढों में गंदा पानी भर गया है, जिसमें कचरा भी जमा हो रहा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई गई तो पानी की बर्बादी के साथ-साथ मच्छरों और बदबू से बीमारियां भी फैल सकती हैं। लोगों ने



जिम्मेदार विभाग से जल्द से जल्द पाइपलाइन ठीक करवाने की मांग की है, ताकि सड़क पर फैल रही गंदगी और पानी की बर्बादी को रोका जा सके।

#### अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में जगह-जगह इस तरह की समस्याएं सामने आती रहती हैं, लेकिन समय पर समाधान नहीं होने से आम जनता को परेशानी उठानी पड़ती है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस समस्या पर कब तक ध्यान देता है। वहीं संबंधित विभाग से दूरभाष पर चर्चा करने की कोशिश की तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

### समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए शासन ने जारी की नीति

**राजगढ़**। मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बीके चंदेल से प्राप्त निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित एसओपी जारी की गई थी। इसमें उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में खरीदी 01 अप्रैल, 2026 से तथा शेष संभागों में खरीदी 07 अप्रैल, 2026 से किया जाएगा। गेहूं उपार्जन का कार्य सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर किया जाएगा।

## दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरुकता जरूरी: डॉ चरण

### मेडिकल कॉलेज में हुई कार्यशाला नवजात स्क्रीनिंग व आनुवंशिक जांच पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में कार्यशाला हुई। यह कार्यक्रम एम्स भोपाल, मेडिकल कॉलेज विदिशा, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के संचालक डॉ बी.एस. चरण ने कहा कि दुर्लभ बीमारियों के प्रति



जागरूकता बढ़ाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों के मरीज कम होने के कारण फार्मा कंपनियां दवाओं के विकास में कम रुचि लेती हैं, जिससे उपचार महंगा और सीमित हो जाता है। मेडिकल कॉलेज विदिशा के शिशु रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि जिले में दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए एम्स भोपाल को एक्सीलेंस सेंटर बनाया गया है। इससे जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं की जन्म के तुरंत बाद स्क्रीनिंग संभव हो सकेगी और समय पर बीमारी का पता लगाकर इलाज शुरू किया जा सकेगा। एम्स भोपाल की जेनेटिक रोग प्रभारी डॉ भावना ढींगरा ने बताया कि दुनिया में लगभग 7 से 8 हजार दुर्लभ बीमारियां पाई जाती हैं। इनमें से अधिकांश बीमारियां आनुवंशिक कारणों से होती हैं।

### जिला स्तरीय आयोजन के लिए गठित की गई समिति

## भारत के पहले कानून मंत्री की धूमधाम से मनेगी जयंती

**सारंगपुर**। स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री एवं संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती इस वर्ष कुछ खास और बड़े आयोजनों के साथ मनाई जाने वाली हैं। आगामी 14 अप्रेल को डॉ. अंबेडकर जयंती के संबंध में कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा बनाने मुख्यालय स्थित पाटी वाली माताजी मंदिर परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर उत्सव सेवा समिति (राज फ्रेंड्स क्लब) द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयंती अवसर पर निकाली जाने वाले जिला स्तरीय शोभायात्रा सहित अन्य आयोजनों को लेकर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही जयंती को किस तरह



भव्यतम रूप दिया जा सकता है, इस संबंध में भी कार्ययोजना बनाई गई। आयोजन हेतु एक समिति भी गठित करते हुए दायित्व सौंपे गए। आयोजन समिति में दिलीप कुमार बामनिया अध्यक्ष, गजेंद्र वर्मा अब्बू को उपाध्यक्ष सहित साहिल नरवरे, नरेंद्र कुमार जादम, जुगराज वर्मा, आकाश संजोदिया, संदीप कटारिया, विशाल लावर, रवि वर्मा, दुलीचंद वर्मा, भगवान सिंह वर्मा राजवीर गढ़वाल, राजेंद्र कटारिया, देवेंद्र जादम सहित अन्य सम्मिलित किए गए हैं।

### समाज के हित हेतु कार्य करते रहने सभी ने रखे अपने-अपने विचार

## तंवर और गुर्जर समाज ने प्राकृतिक रंगों से मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के तंवर एवं गुर्जर समाज के तत्वावधान में रविवार दोपहर अलग-अलग स्थानों पर होली मिलन समारोह आयोजित करवाए गए। तंवर समाज द्वारा मिडवे ट्रीट के सामने स्थित परिसर एवं गुर्जर समाज द्वारा खुजनेर रोड स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों ही कार्यक्रमों में समाजजनों के साथ ही सभी दलों के जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ शिरकत की। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सभी से आगृह किया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागे, बालिका शिक्षा को बढ़ावा दें। इसके साथ ही समाज के लिए क्या अच्छा किया जा सकता है, समाज के बच्चों के भविष्य कैसे संवारे जा सकते हैं, इस बारे में भी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार सांझा किए।

#### खूब उड़ा रंग, अबीर गुलाल, बजे ढोल

कार्यक्रमों में जमकर प्राकृतिक रंग, गुलाल उड़ा और ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते सभी ने एक-दूसरों को होली पर्व की बधाई दी। सभी ने परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना के साथ समारोह को उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ ही पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित अन्य अधिकारियों ने भी शिरकत की। दोनों आयोजनों में मुख्यतः भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, भाजपा नेत्री मोना सुस्तानी, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, रघुनंदन शर्मा, जिपं सदस्य यशवंत गुर्जर, जगदीश गुर्जर सहित सभी सामाजिकजन व नागरिक उपस्थित रहे।

### पीएम किसान निधि के तहत हस्तांतरित हुई राशि

# राजगढ़ के ढाई लाख किसानों के खातों में पहुंचे 49 करोड़ 77 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़ द्वारा गत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किशत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यद्यपि यह आयोजन पूरे देश के लिए था पर जिले के लिहाज से बात करें तो 2 लाख 48 हजार 700 किसानों के खाते में 49 करोड़ 77 लाख रूपये राशि हस्तांतरित करवाई गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रघुनन्दन शर्मा रहे। साथ ही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र कुमार कौशिक, उप संचालक कृषि सचिन जैन, एस.एल.आर. सतेंद्र चतुवेदी सहित जिल के प्रगतिशील किसान शामिली हुए। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री जैन द्वारा कृषको को प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन, धरती माता बचाओ कार्यक्रम, गेहूं की उन्नत प्रजातियां, स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी ड्रिप से सिंचाई प्रबंधन की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के लाईव प्रसारण के प्रदर्शन में अधिकारी गजाला खान का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. लाल सिंह तथा सुश्री इतिश्री राठौर द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### भगवानपुर के बच्चों ने की मींस कप परीक्षा पास



**जावर।** माध्यमिक शाला भगवानपुर में लगातार हर वर्ष ओलंपियड ओर राष्ट्रीय मींस कप परीक्षा में छात्र छात्राएं सफल हो रहे अब तक 10 छात्र पास हो गए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षकों के व्दारा प्रोत्साहित किया जाता है तृप्ति तिवारी, सुलोचना ठाकुर, ममता सोलंकी, अजेनदर यादव, संदीप ठाकुर ने बधाई दी है।

### अब बार-बार रिन्यूअल कराने का झंझट खत्म


**सीहोर।** सीएआईटी के जिलाध्यक्ष अम्बर जैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अब खाद्य नियामक एफएसएसएआई के लाइसेंस का बार-बार नवीकरण कराने का झंझट खत्म हो गया है। एफएसएसआई ने रजिस्ट्रेशन को आजीवन वैधता दे दी है। साथ ही टर्नओवर लिमिट और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। एमएसएमई और कारोबारियों को इससे फायदा होगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने की दिशा में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने एक बड़ा कदम उठाया है। फूड रेगुलेटर ने घोषणा की है कि अब उसके रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और लाइसेंस की वैधता आजीवन होगी। इस फैसले के बाद फूड बिजनेस से जुड़े कारोबारियों को अब अपने लाइसेंस बार-बार रिन्यू कराने की आवश्यकता नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 मार्च से कई सुधारों को अपनी मंजूरी दे दी है। टर्नओवर लिमिट में भी बड़ा बदलाव किया गया है, नियामक बोझ को कम करने के लिए लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रेशन की टर्नओवर सीमा में भी अहम बदलाव किए गए हैं।

### नगर में दो दिन छोड़कर पानी की सप्लाई, पानी खरीदने को मजबूर नागरिक

# 20 हजार की आबादी को 16 लाख लीटर की जरूरत, मिल रहा 12 लाख लीटर पानी

**नगर के कई वार्डों में पिछले 5 दिन से नल नहीं आएं है। इस कारण लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



गर्मी की शुरुआत के साथ ही नगर में जलसंकट की समस्या गहराने लगी है। नपं द्वारा तीन दिन छोड़कर पानी की सप्लाई की जा रही है। वह भी लगभग 30-35 मिनट ही नल से पानी आने के कारण पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में नागरिकों को पानी की आपूर्ति के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक समस्या वार्ड नंबर 5 के वाशिंदों को उठानी पड़ रही है। वार्डवासियों का कहना है कि वार्ड में पिछले 5 दिनों से नल नहीं आएं है। पानी की किल्लत के चलते लोगों को केंपर एवं टेंकर खरीदकर पानी की आपूर्ति करना पड़ रही है।

### 16 लाख लीटर पानी की जरूरत

करीब 20 हजार की आबादी वाले नगर को आबादी के मान से प्रतिदिन 16 लाख लीटर पानी की जरूरत होती है जबकि नपं द्वारा दो दिन के अंतराल से महज 12 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जा रही है। जो नागरिकों के लिए अपर्याप्त है। जबकि पिछले चार-पांच दिनों से जलप्रदाय व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। नगर के कई वार्डों में पिछले 5 दिन से नल नहीं आएं है। इस कारण लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालात यह है कि पानी की किल्लत के चलते लोगों को टैंकरों से पानी खरीदकर अपनी आपूर्ति करना पड़ रही है। नागरिकों का कहना है कि नपं द्वारा 2-3 दिन छोड़कर पानी की सप्लाई की जा रही है। वह भी महज 30-35 मिनट। जोकि लोगों को आपूर्ति के हिसाब से नाकाफी साबित हो रही है। ऐसे में नागरिकों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### वार्ड 5 में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

पानी की किल्लत से जूझ रहे वार्डवासियों का सब्र का बांध सोमवार को उस समय टूट गया जब नपं ने अगले दो दिन ओर पानी की सप्लाई नहीं होने की सूचना की मुनादी करवा दी। इस पर महिलाएं आक्रोशित हो गई। इस दौरान उन्होंने खाली बर्तन सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों से पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

### वार्ड 5 की समस्या, रहवासियों की जुबानी



वार्ड में पिछले 5 दिनों से नल नहीं आएं है। ऐसे में सिर पर घड़ा रखकर दूर दराज खेतों में स्थित कुएं, ट्यूबवेल से पानी लाकर व्यवस्था कर रहे है। **मंजु मकरेया**



वार्ड में 2-3 दिन छोड़कर पानी की सप्लाई की जाती है, जबकि पिछले 5 दिनों से तो नल ही नहीं आएं है। इस कारण पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। शिकायत के बावजूद जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। **कविता मकरेया**



नपं की जलप्रदाय व्यवस्था चौपट होने के कारण महंगे दामों पर टेंकर खरीदकर पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। समस्या के संबंध में शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। **जितेन्द्र मकरेया**

### पार्षद बोले- रहवासी हो रहे परेशान



यह सच है कि वार्डवासियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस समस्या के निराकरण को लेकर जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारियों से चर्चा की जा रही है। साथ ही सींप नदी पर बने डेम पर एक 33 केव्हीए का ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव दो साल से लंबित है यदि वहां ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएं तो वहां से पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई हो सकती है।

**हेमंत कबाड़ी**, पार्षद वार्ड 5

### पानी सप्लाई व्यवस्था बिगड़ी थी

शिप नदी पर ट्रांसफार्मर खराब एवं मोटर जल जाने के कारण नगर की पानी सप्लाई व्यवस्था गड़बड़ा गई थी लेकिन कल से सुचारू रूप से नल दिए जाएंगे।

**अर्जुन परमार**, जल प्रभारी नप इछावर

# कृषि उपज मंडी में छुट्टी के बाद लगी ट्रॉलियों की कतार

### मंडी में बंपर आवक से मार्ग पर जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की कृषि उपज मंडी में सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को उपज की बंपर आवक हुई। इसके चलते कन्नौद मार्ग पर कॉलोनी चौराहे तक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। शांति नगर में भी ट्रॉलियों की कतारें देखी गईं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंडी खुलने के साथ ही बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंचे। हालांकि, मंडी के गेट बंद होने के कारण कन्नौद मार्ग पर कॉलोनी चौराहे तक ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं। शांति नगर में भी मुख्य सड़क पर ट्रॉलियों के खड़े होने से आवागमन बाधित हुआ, जबकि मंडी के अंदर जगह खाली पड़ी थी। इस अव्यवस्था के कारण करीब तीन घंटे तक लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। कन्नौद रोड के व्यापारी हमेशा इन हालातों से परेशान रहते हैं ऐसे में व्यापारियों का कहना है कि मंडी के अंदर कर्मचारियों या सुरक्षाकर्मियों की कमी है, जो ट्रॉलियों को व्यवस्थित रूप से लगवा सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारी केवल एक शेड भरते ही गेट बंद कर देते हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी होती है। व्यापारी ने बताया कि पहले 30-40 हजार बोरे की आवक होने पर भी मंडी का गेट



कभी बंद नहीं देखा गया था।

### एक अतिरिक्त शेड का उपयोग शुरू

मंडी सचिव नरेंद्र मेश्राम ने बताया कि सोमवार को मंडी खुलते ही उपज की आवक सामान्य से अधिक थी। उन्होंने कहा कि आवक ज्यादा होने के कारण एक अतिरिक्त शेड का उपयोग किया गया है और ट्रॉलियों को दो शेड में खड़ा कराया गया। गेहूं, चना, मसूर और मक्का सहित अन्य उपज के लिए दो और शेड का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि आगे के साथ-साथ पीछे के गेट से भी प्रवेश दिया गया, जिससे ज्यादा आवक के बावजूद व्यवस्था बनी रहे। सचिव के अनुसार, सामान्यतः प्रतिदिन 10 से 12 हजार बोरे की आवक रहती है, लेकिन सोमवार को यह अनुमानित रूप से 20,000 से अधिक रही।

# अखंड ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखण्ड ब्राह्मण समाज की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात समाज में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। समाजजनों एवं वरिष्ठजनों की सर्वसम्मति से पूर्व में समाज के नये ऊर्जावान अध्यक्ष के रूप में विनीत त्रिवेदी का चयन किया गया था। अध्यक्ष बनने के पश्चात उन्होंने समाज की गतिविधियों को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से संयोजक मण्डल के मार्गदर्शन में नई कार्यकारिणी का विस्तार किया।संयोजक मण्डल में श्री राजेशजी शर्मा, श्री मनीषजी पालीवाल, श्री दिनेशजी शर्मा, श्री अतुलजी शर्मा, श्री रविजी शर्मा, श्री संजीवजी दीक्षित एवं श्री अनंतजी जोशी की अनुशंसा पर आगामी परशुराम जयंती उत्सव एवं अक्षय तृतीया जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों को ध्यान में रखते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, ताकि समाज के सभी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का संचालन सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से किया जा सके।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्यों को सलाहकार मण्डल में भी शामिल किया गया, जिनमें सर्वेश उपाध्याय, डॉ. अतुल उपाध्याय, संतोष शर्मा, धर्मेन्द्र गौतम, अनिल नायर, मुकेश पाठक, कालू भट्ट, जी.पी. उपाध्याय एवं श्याम शर्मा सलिल की सहमति एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर समाज के सक्रिय एवं समर्पित सदस्यों को दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें परशुराम जयंति अध्यक्ष के रूप में गबु शर्मा, परिणय उत्सव अध्यक्ष के रूप में दिलीप शर्मा, तथा युवा अध्यक्ष के रूप में गौतम शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।इसी प्रकार उपाध्यक्षगण में निलेश शर्मा (अलीपुर), मनोज नागर, जितेन्द्र दुबे (एडवोकेट), गणेश दुबे, हिमांशु शर्मा (अलीपुर), संतोष शर्मा (चंदन नगर), प्रवीण तिवारी (रॉयल कॉलोनी), जे.पी. शर्मा (एडवोकेट), सुरेश शर्मा एल.आई.सी., जितेन्द्र शर्मा, कुलदीप शर्मा (अलीपुर), गगन तिवारी एवं रामकृष्ण शर्मा को मनोनीत किया गया है।महासचिव के रूप में नवीन शर्मा, सचिव के रूप में सुनील शर्मा (शास्त्री) तथा सह-सचिव के रूप में रवि श्रोत्रिय, अखिलेश पण्ड्या (अलीपुर), विवेक दुबे, आयुष शर्मा, भविष्य शर्मा, अर्पित रावत, अनुराग शर्मा एवं प्रियांश शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।कोषाध्यक्ष के रूप में संजीव दीक्षित को नियुक्त किया गया है, वहीं प्रवक्ता के रूप में कुलदीप शर्मा (एडवोकेट) एवं पं. योगेश शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।मीडिया प्रभारी के रूप में संजय जोशी, अमित मंकोड़ी, शैलेष शर्मा, प्रवेश शर्मा एवं अक्षत पाठक को दायित्व दिया गया है। कार्यालय प्रभारी के रूप में राजेन्द्र राजू पाठक एवं किरण कुमार शर्मा, जबकि सहायक कार्यालय प्रभारी के रूप में ओ.पी. शर्मा (अरिहन्त) एवं संतोष दुबे को नियुक्त किया गया है।इसी प्रकार महोत्सव प्रभारी के रूप में बसंत पाठक, गणेश दुबे एवं निलेश शर्मा, भोजन प्रभारी के रूप में डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. कृष्णकांत शर्मा, डॉ. मनीष दुबे, हेमन्त त्यागी एवं मनोज शर्मा, तथा चल समारोह प्रमुख के रूप में अंकित तिवारी, अक्षत पाठक एवं पुष्पेन्द्र उपाध्याय को दायित्व सौंपा गया है।संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से संगठन मंत्री के रूप में अजय शर्मा एल.आई.सी., सुनील तिवारी एवं दीपक तिवारी, संगठन प्रमुख के रूप में विजय उदैनिया एवं प्रमोद शर्मा, तथा प्रचार मंत्री के रूप में दीपराज शर्मा, कपिश शर्मा, यश शर्मा एवं राज शर्मा को चुना गया है।नवीन कार्यकारिणी में मनोनीत किये गये सभी पदाधिकारियों को अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की गई। उन्होंने कहा कि समाज ने सभी पदाधिकारियों को उनकी सक्रियता, समर्पण एवं समाज के प्रति योगदान को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज के हित में कार्य करेंगे तथा संगठन की गरिमा और प्रतिष्ठा को और अधिक ऊँचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं सक्रिय बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। समिति के सभी आशीर्वाददाता सुधीर पाठक, एम पी शुक्ला, प्रेमनारायण शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, हरिनारायण शर्मा, डालेंद्र कुमार शर्मा, शिवचंद्र पाठक, कैलाश शर्मा, रघुनंदन चौधरी, चंद्रशेखर पंड्या, राधारमन पंड्या, मनोहरलाल पंड्या, कैलाश नारायण श्रोत्रिय, ओम प्रकाश शर्मा, टीकाराम शर्मा, सुरेश पालीवाल, मोहनबाबू शर्मा, रामभरोसे शर्मा, बुद्धिनारायण तिवारी, गोविंद शर्मा, संतोष शर्मा उक्त सभी सदस्यों को नवीन कार्यकारिणी की बधाई दी।

# निर्माणाधीन रामपुरा डेम पाइप लाइन कार्य का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की ऐतिहासिक रामपुरा डेम से नगर तक बिछने वाली पाईप लाईन कार्ययोजना का कार्य तीव्र गति से जारी है। भूमिपूजन के पश्चात नगर से रामपुरा की ओर जाने वाली लगभग एक किलोमीटर लंबी पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका निरीक्षण नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा आज किया गया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने संबंधित निर्माणकर्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि रामपुरा डेम से आष्टा नगर तक पाईप लाईन बिछाने का कार्य अपने आपमें नगर के लिए सबसे बड़ी सौगात है। उक्त कार्य को तेजी के साथ पूर्ण गुणवत्ता बरतते हुए शीघ्रता से करें, इसके लिए आप अपने यंत्र-संयंत्र में वृद्धि करें। श्री मेवाड़ा ने कहा कि नगरवासियों को आगामी वर्ष में सीधे रामपुरा डेम से पाईप लाईन के माध्यम से लाए गए पानी की जलापूर्ति हो ऐसा परिषद का उद्देश्य है। उसी अनुरूप कार्य में निरंतरता बरतते हुए कार्य को पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान पार्षद रवि शर्मा, कुशलपाल लाला, सतीश मेवाड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायक ने सुरभि खंडेलवाल के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना



**आष्टा।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमन्त खंडेलवाल की सुपुत्री सुरभि खंडेलवाल के गत दिवस हुए दुखद निधन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बैतूल खंडेलवाल निवास पर पहुच कर सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल खंडेलवाल परिवार को सांत्वना दी एवं शोक संवेदना व्यक्त की।

### आज मनाया जाएगा श्रीकृष्ण और माता रुकमणी का विवाह महोत्सव

# कथा में गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित कर उनकी आराधना की गई, जिससे पूरा पंडाल श्रद्धा और उत्साह से भर गया।

भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से इंद्र के अभिमान को तोड़ा। उन्होंने ब्रजवासियों को प्रकृति और गौ-सेवा का महत्व समझाया। गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि जब ब्रजवासी इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब भगवान कृष्ण ने उन्हें इंद्र के बजाय गोवर्धन पर्वत और प्रकृति की पूजा करने के लिए प्रेरित किया। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने मूसलाधार वर्षा की। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया। इस प्रकार उन्होंने इंद्र के अभिमान का मान-मर्दन किया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा और अघासुर वध का वर्णन और गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर इंद्र का अहंकार तोड़ने की कथा, माखन चोरी, और कालिया नाग मर्दन का प्रसंग सुनाया, जो भक्तों को अहंकार त्यागने व कर्मयोग का संदेश देता है। भक्ति, नम्रता और विश्वास के महत्व पर बात की।

मनुष्य को अपने कर्तव्य और सद्कर्म पूरी निष्ठा से करने चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर अहंकार या वैभव से नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति और पूर्ण विश्वास से प्रकट होते हैं। रामायण की प्रसिद्ध चौपाई होईह सोई जो राम रची रखा का उदाहरण देते हुए उन्होंने श्रोताओं को कर्मयोग का संदेश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मनुष्य को अपने कर्तव्य और सद्कर्म पूरी निष्ठा से करने चाहिए, और फल का निर्णय परमपिता परमेश्वर पर छोड़ देना चाहिए। परमात्मा के समक्ष कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। फल, पुष्प या दोनों हाथ जोड़कर विनम्र भाव से शीश झुकाना भी सच्ची भक्ति का प्रतीक है।

### एचपीवी वैक्सीनेशन का चलाया अभियान



**सिद्धिगंज।** एचपीवी वैक्सीनेशन सर्वाइकल कैंसर से बचाओ के लिए ग्राम जसमत में वैक्सीनेशन का आयोजन बीएमओ, बीसीएम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया। जिसमें 14 वर्ष की समस्त बालिकाओं को टीका लगाया गया। जिसमें देवकरण सिंह ठाकुर सरपंच, एएनएम माया मालवीय, आशा सुपरवाइजर रेखा बैरागी और आशा नगीना मालवीय, बबीता ठाकुर, मीना शर्मा, रत्ना बैरागी, पूजा बैरागी आदि ने टीकाकरण में सहयोग किया।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए रवि बिरहा का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के लिए गौरव का विषय है कि महाविद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा का चयन मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज़ वॉलीबॉल टीम में हुआ। वे आगामी अखिल भारतीय सिविल सेवा वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025-26 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। संचालनालय खेल व युवा कल्याण, टीटी नगर स्टेडियम भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 20 से 25 मार्च तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसयू ब्लॉक, पीतमपुरा, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता विभिन्न राज्यों एवं विभागों के खिलाड़ी भाग लेकर राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्री बिरहा लंबे समय से खेल गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करते रहे हैं तथा उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय की छात्राओं ने खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। उनके इस चयन से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने श्री बिरहा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री बिरहा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी श्री बिरहा को बधाई दी।